Bareilly, Sunday,
4 February 2024
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 05 BOTTOM

'रुक जाना नहीं तू कहीं हार के'

कार्यक्रम में उपस्थित लोग.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (3 Feb): विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर तीन फरवरी को श्रीराम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज ने कैंसर से जंग लड़कर मात देने वाले कैंसर विजेताओं को सम्मानित किया. कैंसर विजेताओं ने बीमारी की जानकारी देने के साथ एसआरएमएस में इसके उपचार के दौरान के अपने अनुभव साझा किए.

नाटक से दिया संदेश

पीजी के स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिये कैंसर मरीज फूलवती की कहानी का मंचन किया और इसके जरिए कैंसर से बचाव के उपाय बताए. पीजी स्टूडेंट डॉ. मिशा ने कैंसर मरीजों की परेशानी को कविता के माध्यम से उठाया और अन्य पीजी विद्यार्थियों ने गाना रुक जाना नहीं तू कहीं हार के गाकर कैंसर का सामना बहादुरी से करने को प्रेरित किया. एसआरएमएस ट्रस्ट संस्थापक व चेयरमैन देवमूर्ति ने कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि कोई भी बीमारी हो, सबका समय पर इलाज जरूरी है. ऐसा न होने पर छोटी सी फांस भी बाद में नासूर बन कर बड़ी दिक्कत बन जाती है. कैंसर के साथ भी यही है. इसके प्रति थोड़ा ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है. जागरूकता के साथ नियमित जांच की जरूरत है. ऐसा करवा कर कैंसर से बचा जा सकता है.

अवयरनेस की अपील

अलखनंदा रिसार्ट में आयोजित सम्मान समारोह में चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी कैंसर मरीजों की हिम्मत को सराहा और इस महामारी से बचाव के लिए दूसरों को जागरूक करने की अपील की. इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल रिटायर्ड डॉ. एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. ललित सिंह, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. राजीव टंडन, डॉ. शशांक शाह, डॉ. प्रतीक गहलोत, डॉ. सचिन पाठक, डॉ. आशीष मेहरोत्रा, डॉ. वंदना नेगी, डॉ. मिलन जायसवाल, डॉ. स्मिता गुप्ता, डॉ. तनु अग्रवाल, डॉ. हुमा खान, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ.आयुष गर्ग, डॉ. शुभांशु गुप्ता, आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट सेंटर की टीम और स्टाफ मौजूद रहा.